लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3250
23 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

रेशम उद्योग पर कोविड-19 का प्रभाव

3250. श्री मनोज तिवारी:
श्री संगम लाल गुप्ता:
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री राजेन्द्र अग्रवाल:
श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी:
श्री राज बहादुर सिंह:
श्री बृजभूषण शरण सिंह:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारतीय रेशम उद्योग पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव का आंकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं एवं विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के संबंध में निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने रेशम उद्योग में नियोजित श्रमिकों की स्थिति को बेहतर करने के लिए कोई कार्रवाई की है; और

(ड़) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): जी, हां। केंद्रीय रेशम बोर्ड ने रेशम उद्योग में पूरी मूल्य श्रृंखला में कोरोना वायरस के प्रकोप के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए अप्रैल-मई 2020 के दौरान ऑनलाइन प्रश्नावली का उपयोग करते हुए एक अध्ययन किया है। आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मिजोरम, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों के किसानों, रीलर्स, बुनकरों, व्यापारियों और निर्यातकों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थी। अध्ययन के लिए उपयोग किए गए कुल नमूनों की संख्या 1530 थी जिसमें 1043 किसान, 92 रीलर्स, 188 बुनकर, 188 व्यापारी और 19 निर्यातक शामिल थे।

(ग) से (ङ): महामारी के दौरान, सिल्क मूल्य श्रृंखला की महत्वपूर्ण गतिविधियों को किसानों, रीलरों, बुनकरों, व्यापारियों और निर्यातकों द्वारा जारी रखा गया था। इस प्रकार वे इस क्षेत्र के पुनरुद्धार में सहायता कर रहे हैं। केंद्रीय रेशम, रेशम उत्पादन से लेकर रेशम फैब्रिक उत्पादन तक रेशम मूल्य श्रृंखला की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित मामलों का निवारण करने और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए रेशम क्षेत्र में नये अनुसंधान कार्य में लगा हुआ है।

*****